कांग्रेसियों ने मनाया जश्न

वैर । राजस्थान के सरदारशहर में हुए उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा की जीत का वैर सहित आसपास के क्षेत्र में कांग्रेसियों द्वारा जश्न मनाया गया, इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में कांठोस को बहुमत मिलने पर इसे कांग्रेस नेतृत्व की सफल रणनीति बताया गया, राजस्थान के सरदारशहर से ब्राह्मण समाज के लंबे समय से अध्यक्ष रहे व सरदारशहर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा के निधन के बाद उनके पुत्र अनिल शर्मा विधायक निर्वाचित होने का ऐलान होते ही पटाखे चलाकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। इस मौके पर पूर्व सरपंच सतीश पांडे के अलावा पुष्पा चंद्र प्रकाश अवस्थी, प्रधान प्रतिनिधि राम खिलाड़ी जाटव, वैर प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, सुनीता प्रकाश जाटव, लक्ष्मी कांत पांडे, मान सिंह सैनी, एडवोकेट कुलदीप शर्मा, वंदना नितिन पांडे, प्रताप सिंह ठेकेदार, रमेश सैनी, दिलीप सैनी मोहन सैनी, सतीश जैन, घनश्याम तिवारी, मनोज हरिजन, सतीश धनीपुरा, केदार सिंह अन्धाना, मनोज नीमली, हरकेश योगी, हजारीलाल नगायच, श्रीकांत शर्मा, धारा सिंह मीणा, भर्ती मीणा, अनूप बोहरा आदि मौजूद थे।

'दूषित पेयजल सप्लाई के दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये'

हिण्डौन सिटी। शहर में फैल रहे दूषित पेयजल के संक्रमण से हुई दो जनों की मौत व सैकड़ों लोगों के बीमार ओ जाने की घटना को लेकर पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया को ज्ञापन सौंपकर मृतकों के परिजनों को मुआवजा देने एवं दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

भाजपा कार्यकर्ता बबली चतुर्वेदी ने बताया कि हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंचे। जहां एसडीएम सुरेश हरसोलिया को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन में लिखा है कि कार्यालय पहुचे। चतुर्वेदी ने बताया कि इस दौरान उपखंड अधिकारी ही कार्यालय से नदारद मिले जिस पर भाजपाइयों ने कार्यालय के सामने सांकेतिक धरना शुरू कर दिया और प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की इस दौरान उन्होंने

पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव ने उपखंड अधिकारी सुरेश हरसोलिया (बाए से प्रथम) को ज्ञापन सौंपा।

आरोप लगाते हुए यह कहा कि इस तरह के बेवफा अधिकारियों की बदौलत ही हिंडौन शहर की जनता को इस तरह के हालातों का सामना करना पड़ा है कि दूषित पेयजल के संक्रमण से लोगों को अपनी जान तक गंवानी पड़ी है। बताया जा रहा है कि काफी देर बाद जब उपखंड अधिकारी हरसोलिया कार्यालय पहुंचे तो उन्होंने भाजपा नेताओं कि समझा इसकी और इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यवाही का आश्वासन भी दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपखंड अधिकारी को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन में लिखा है कि दूषित पेयजल के संक्रमण से हुई मौत पर मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए का मुआवजा दिलवाया जाए व जलदाय विभाग के लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करके उन्हें सख्त से सख्त सजा मिले औऱ अगर हिंडौन की जनता को न्याय नही मिला तो आगे और भी बड़ा आंदोलन करेंगे। इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हेमेन्द्र वशिष्ठ, जिलाउपाध्यक्ष ललित शर्मा, मण्डल अध्यक्ष अनिल गोयल,ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष नाहर सिंह जाट, महिलामोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ हेमलता, आलोक देशवाल, प्रेम सिंह नोनिया, मोहन सिनेमा, आदि सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सार-समाचार

अजयराज सचिव नियुक्त

सूरौठ । जिला हॉकी सांफ्ट संघ जिला करौली की जिला कार्यकारिणी की घोषित गई। जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक का आयोजन कस्बे के निजी मैरिज गार्डन की गई जिसमें जिला संघ के चुनाव की प्रक्रिया पूर्ण करवाते हुए विवेक शर्मा को अध्यक्ष चुना गया हैं जिसमें संरक्षक सतीश जिंदल, अध्यक्ष विवेक शर्मा, उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, सचिव अजय राज सिंह, सहसचिव नरेश गुर्जर व कोषाध्यक्ष टीकाराम शर्मा को निर्विरोध रुप से कार्यकारिणी के रूप में चुनाव किया गया एवं सदस्यों के रूप में मुरारीलाल शाक्यवाल, राजीव सहारिया, अवधेश शर्मा, विवेक मीणा, रविंद्र सिंह, यशवंत सिंह, देवेंद्र शर्मा, लक्षण मित्तल को करौली जिला हांकी सॉफ्ट संघ का निर्विरोध सदस्य मनोनीत किया गया । इस अवसर पर सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को एवं सदस्यों को कस्बे के सभी लोगों ने दी हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं ।

शिविरों का कार्यक्रम घोषित

करौली (नि.स.)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिलिकॉसिस जांच शिविरों को आयोजन खनन प्रभावित क्षेत्रों में सिलिकॉसिस बीमारी की स्क्रीनिंग एवं जांच किया जायेगा। सीएमएचओ डॉ. दिनेश चंद मीना ने बताया कि जांच शिविर आज शुक्रवार को सीएचसी कैलादेवी,14 दिसम्बर को सीएचसी लांगरा,21 दिसम्बर को पीएचसी बिनैगा एवं 28 दिसम्बर को सीएचसी मासलपुर में प्रात:9 बजे से दोपहर 1 बजे तक शिविर आयोजित होगे जिसमें रैफर होकर आये मरीजों के एक्सरें कराकार स्क्रीनिंग की जायेगी।

रामसहाय सैनी सदस्य मनोनीत

गंगापुर सिटी । राजस्थान सरकार द्वारा जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति में उदेई कला गंगापुर सिटी निवासी राम सहाय माली को सदस्य मनोनीत किया गया है। गौरतलब है कि रामसहाय माली पूर्व में दो बार जिला परिषद सदस्य रह चुके हैं ।

भागवत कथा आज से

करौली (नि.स.) । अग्रवाल समाज करौली के तत्वाधान में अग्रवाल महिला मंडल द्वारा श्री अग्र भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। महिला मंडल अध्यक्ष हेमलता सर्राफ ने बताया कि आज शुक्रवार से 11 दिसम्बर तक दोपहर 1 से 5 बजे तक तीन दिवसीय अग्र भागवत का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला अनाज मंडी करौली मे किया जाएगा ।

उन्होंने बताया की आज शुक्रवार को प्रात: 10बजे नगाड़खाना दरवाजे से अग्रवाल धर्मशाला तक कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा।वैदिक विदुषी श्री मति कमलेश गर्ग (धौलपुर) द्वारा कथा वाचन किया जाएगा। कोषाध्यक्ष रीता गोयल ने बताया कि कथा की पूर्व तैयारियों हेतु अग्रवाल सदन में बैठक का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत गायत्री सर्राफ, रेखा गोयंका, सुनीता सर्राफ, रेनू गर्ग, विद्या भगत, उर्मिला भगत, चंद्रकांता गोयल, ममता, माया, विशंभर अग्रवाल, मुकेश गर्ग, भूपेंद्र अग्रवाल, कैलाश भगत, मदन मोहन गुप्ता आदि समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने विशेष सहयोग के साथ अग्र भागवत कथा आयोजन की रूपरेखा तैयार की।

लाठी-डंडों से दुकानदार पिता-पुत्र पर हमला

धौलपुर । सैंपऊ कस्वे के बाड़ी मार्ग स्थित मुख्य बाजार में अलग अलग बाइकों पर सवार होकर आए करीब एक दर्जन लोगों ने एक दुकानदार पिता-पुत्र पर हमला बोल दिया। बेखौफ होकर आए लोगों के द्वारा सरेआम की गई घटना से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिससे सड़क पर दोनों ओर जाम जैसे हालात बन गए। इस दौरान हमलावरों ने काफी समय तक जमकर कहर बरसाया। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का लाइव वीडियो कैमरे में कैद कर लिया। जिस तरह से एक राय होकर आए लोगों के द्वारा हाथ में लाठी-डंडे लेकर व दुकानदार का अन्य सामान लेकर मारपीट की जा रही है ।

उससे साफतौर से अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह हमलावर कितने बेखौफ हैं। इनमें कानून का कोई भय नहीं है। इस दौरान दुकानदार के बेटे के साथ सड़क पर पटक कर बेरहमी से मारपीट की गई। जिससे उसका सिर फूटने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा पिता सहित उसके घर का एक अन्य सदस्य भी घायल हुआ है। जानकारी के मुताबिक दामोदर अठावाल निवासी दौनारी सैंपऊ कस्बे के मुख्य बाजार में दुकान करता है। गुरुवार दोपहर के समय अलग-अलग बाइको पर सवार होकर पहुंचे करीब एक दर्जन लोगों ने हमला बोलते हुए लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। घटना को लेकर दुकानदार सहित आसपास के लोग कुछ माजरा समझ पाते उससे पहले ही बेखौफ होकर आए लोगों ने ताबड़तोड़ एक के बाद एक प्रहार कर दिए जिससे दुकानदार दामोदर का पुत्र सौरभ का सिर फूटने से वह गंभीर घायल हुआ है। साथ ही दामोदर के अलावा उसके भाई शिवकुमार के भी चोट आई हैं।

घायल युवक को सीएचसी सैपऊ से जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। पूरे घटनाक्रम को लेकर मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने बताया कि घटना से कुछ समय पहले पीड़ित दुकानदार की किसी बाइक सवार के साथ कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर यह सभी लोग एक राय होकर दुकान पर आ धमके तथा लाठी-डंडों से कहर बरसा डाला।

कन्यादान के लिए चलाया अभियान

हिण्डौन सिटी । सामाजिक कार्यकर्ता मदन मोहन भास्कर ने जानकारी देते हुए बताया कि करौली जिले के जाटव समाज के युवाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से मिशन चलाकर अनाथ बालिकाओं की शादी में सहयोग करने का संकल्प लिया था। जिसमें किसी भी धर्म, जाति की अनाथ बालिका की शादी में सहयोग किया जायेगा। सामाजिक कार्यकर्ता रिंकू जाटव व गोपाल फौजी ने बताया कि सूरौठ तहसील के भूकरावली गाँव की एक अनाथ बालिका जिसके पिता का 14 वर्ष पूर्व व माता का 12 वर्ष पूर्व देहान्त हो गया था। जिसकी गुरुवार को शादी होनी थी। बिना माता- पिता की बालिका की शादी में आर्थिक मदद की जरुरत थी। इसकी जानकारी मिशन चलाने वाले सदस्यों को मिली तो उन्होंने भूकरावली गाँव जाकर बालिका को कन्यादान के रूप में 14,4,14 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा की।

इस अवसर पर गोपाल फौजी धन्धावली, रिंकू जाटव खेड़ी हैवत, एडवोकेट शांतिलाल करसोलिया, राजेश कुमार आनंद विहार आदि मौजूद थे।

लल्लू सैनी ने मोबाइल लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय

करौली मंडरायल सडक मार्ग पर दुकानदार लल्लू सैनी (बाये से प्रथम) ने अध्यापक को मोबाइल लोटाकर ईमानदारी का परिचय दिया ।

करौली (नि.स.) । गुरुवार को शिक्षक गंगाराम प्रजापत राउप्रावि भंबरपुरा ससेड़ी स्कूल से मोटरसाईकिल द्वारा करौली लौटते समय मंडरायल रोड नवीन अस्पताल,जिला कारागृह के सामने सडक मार्ग पर हो रहे गड्ढो की दचक से चाय की दुकान के सामने सैमसैंग मोबाइल कीमत तेरह हजार रुपये गिर गया जिसे चाय की दुकान करने बाले लल्लू सैनी ने उठाकर कॉल रिसीव कर कहा कि आपका फोन ले जाओ शिक्षक को मोबाइल लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया और पारितोषिक लेने से इंकार कर दिया वहाँ उपस्थित सत्यवीर सिंह कोत प्रभारी पुलिस लाइन करौली, बार्ड पंच भैरोंलालमीना डूडापूरा, वार्ड पंच चरण लाल ससेड़ी, शिक्षक रमेश चंद प्रजापत, कैलाश चंद मीना ने दुकानदार की तारीफ की।

किसान सभा कल

हिण्डौन सिटी । पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने एवं आमजन को जागरूक करने के लिए टोडाभीम के बीजबड बालाजी मंदिर पर 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे से किसान सभा और कन्हैया दंगल का आयोजन होगा।

नगर पालिका पार्षद कैलाष मीना और संदीप कुमार ने बताया कि चंबल का पानी नहरों के माध्यम से खेतों तक लाने के लिए ईआरसीपी के प्रति आमजन की जागरूकता आवश्यक है। इसके लिए 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे बीजबड बालाजी मंदिर पर किसान सभा का आयोजन रखा गया है। आमजनता टोडाभीम की ओर से आयोजित इस किसान सभा को मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी राजस्थान किसान विकास समिति के प्रदेशाध्यक्ष भामाशाह रामनिवास मीना संबोधित करेंगे। इस दौरान किसान विकास समिति के अन्य पदाधिकारियों के साथ पूर्वी राजस्थान के प्रमुख किसान नेता भी उपस्थित होकर किसानों को ईआरसीपी के प्रति जागरूक करेंगे। किसान सभा के साथ कन्हैया दंगल भी आयोजित होगा।

विवेक, महेश ने जीता मेडल

करौली (नि.स.) । 38 वी राज्य स्तरीय इलाइट सीनियर मुक्केबाजी प्रतियोगिता 4 से 7 दिसंबर तक जयपुर में आयोजित प्रतियोगिता में करौली जिले के मुक्केबाज विवेक मीणा ने 63 से 67 किलो ग्राम में सिल्वर मेडल प्राप्त किया और 75 से 80 किलो ग्राम मे महेश गुर्जर ने कांस्य पदक प्राप्त किया और करौली जिले का नाम रोशन किया ।

राजस्थान एमेच्योर मुक्केबाजी संघ के संयुक्त सचिव दारा सिंह मीणा ने बताया की इस अवसर पर धीरेंद्र बैसला,साजिद खान,पुष्पेंद्र शर्मा,बॉबी सिंह राजावत,नरेंद्र सिंह बैंसला, मनोज गर्ग बीड़ी वाले, मुकेश बंसल बीज वाले, जियाउल्लाह पठान, कृपाल मीणा, विक्रम जगरवाड,कुलदीप सिंह मावई, अजीत बिजलपुर,सरवर सैनी,सोनू सारस्वत,सरवन शर्मा, बंटी शर्मा, यश शर्मा, संजय पाल, यादराम गड़ी, भल्लूसिंह गुर्जर आदि ने खिलाडियों को बधाई देते हुये खुशी व्यक्त की।

कांग्रेस की भारत जोडो यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

गंगापुर सिटी । बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर व देहात के संयुक्त तत्वाधान में कांग्रेस कार्यालय देवी स्टोर चौराहा स्थित विधायक निवास पर प्रात: 11.30 बजे भारत जोडो यात्रा की तैयारियों को लेकर एक मीटिंग आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री सलाहकार एवं विधायक रामकेश मीना उपस्थित रहे। मीटिंग में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष मुकेश कुमार शर्मा व शहर अध्यक्ष हरगोविन्द कटारिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे नेता सम्माननीय राहुल गांधी की ऐतिहासिक भारत जोडो यात्रा राजस्थान की पावन धरा पर प्रवेश कर चुकी है। यात्रा को लेकर राजस्थान की जनता में भारी उत्साह नजर आ रहा है। यह एक ऐतिहासिक यात्रा है जिसमें हर जाति-वर्ग के लोग राहुल गांधी की एक झलक पाने को उत्साहित हैं। विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के कार्यकर्ता व सामाजिक संगठनों एवं युवाओं में जिला सवाई माधोपुर में भारत जोडो यात्रा में शामिल होने का उत्साह नजर आ रहा है। इसके पश्चात मुख्यमंत्री सलाहकार एवं विधायक रामकेश मीना ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी जी की भारत जोडो यात्रा का जिला सवाई माधोपुर में भव्य स्वागत-सम्मान करने के लिए गंगापुर विधानसभा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं नगरपरिषद क्षेत्र पार्षदगण, पं.स. सदस्य, कांग्रेस के अग्रिम संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, एनएसयूआई, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस एवं विधायक युवा टीम के सभी सदस्यों को जिम्मेदारी से लोगों को वाहनों द्वारा 13 दिसम्बर मंगलवार को दोपहर भाडौती से यात्रा में शामिल होने की जिम्मेदारी दी गई। उन्होने कहा कि मंगलवार को भारत जोडो यात्रा का रात्रि विश्राम ग्राम दहलोद (भाडौती) टोल नाके के पास गंगापुर विधानसभा के सभी कांग्रेसजन व कार्यकर्ता एवं सामाजिक संगठनों के व्यक्ति यात्रा के रात्रि विश्राम कैम्प में जाकर ठहरेंगे, वहीं पर भोजन व्यवस्था एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनन्द लेंगे। इसी के साथ हजारों की तादाद में गंगापुर के कार्यकर्ता पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ 14 दिसम्बर को प्रात: 6.00 बजे भारत जोडो यात्रा में पदयात्री बनकर राहुल गांधी के साथ-साथ चलेंगे। इससे पहले रविवार को दोपहर 3 बजे विधानसभा क्षेत्र गंगापुर के समस्त कांग्रेसजन, नगरपरिषद के पार्षदगण, रामकेश मीना के नेतृत्व में उपखण्ड कार्यालय कचहरी रोड से भारत जोडो यात्रा में चलने हेतु जन जागरूकता रैली निकालेंगे ।

वार्षिक सत्यापन करवावें

करौली (नि.स.) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक कुलदीप सिंह ने बताया कि सभी पालनहार लाभार्थियों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजनान्तर्गत वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 के जिन लाभार्थियों ने वार्षिक सत्यापन अथवा नवीनीकरण नहीं करवाया है वे पालनहार बच्चों के अध्ययन प्रमाण पत्र नजदीकी ई-मित्र केन्द्र या राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर जाकर शीघ्र सत्यापन कराना सुनिश्चित करें।

उन्होने बताया की शैक्षणिक सत्र के अन्तर्गत मिलने वाली मासिक सहायता राशि का भुगतान समय पर किया जा सके। समस्त पालनहारों का अपने आश्रित सभी बच्चों के अध्ययन प्रमाण पत्र ई-मित्र के माध्यम से पालनहार पोर्टल पर अपलोड कराने है। आगामी मासिक सहायता राशि का भुगतान वार्षिक सत्यापन होने के पश्चात ही किया जायेगा।

आमजन की समस्याओं को चिन्हित करें : संभागीय आयुक्त

भरतपुर (निस)। सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पंचायत समिति कुम्हेर एवं पंचायत समिति नदबई में गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय जनसुनवाई कर सम्बन्धित अधिकारियों को 20 दिसम्बर तक परिवादों के निस्तारण करने के निर्देश दिये। पंचायत समिति कुम्हेर जनसुनवाई के दौरान परिवादी महेश चन्द द्वारा पट्टा जारी नहीं किये जाने की शिकायत पर संभागीय आयुक्त ने नगरपालिका कुम्हेर के अधिशाषी अधिकारी को 69ए के तहत जाँच कर पट्टा जारी करने के निर्देश दिये। महिला परिवादी चन्द्रावल देवी द्वारा केसीसी कार्ड बनाने के प्रकरण में उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर को मामले की जाँच कर बैंक से केसीसी कार्ड जारी करवाने के निर्देश दिये। जया ग्रामवासियों द्वारा चम्बल का पानी गाँव में उपलब्ध कराने हेतु संभागीय आयुक्त को ज्ञापन सौंपा जिस पर उपखण्ड अधिकारी कुम्हेर एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्रामवासियों को चम्बल का पानी जल्द उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान सैंतरी से कुम्हेर, गथैडा से कुम्हेर, चामुण्डा मंदिर से ग्राम कासौट, ग्राम कूम्हाँ से गथैडा एवं ग्राम हैवत से नगरिया तक के सडक मार्गो के कार्य जल्द पूरा कराने की मांग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के एसई को सडक निर्माण के कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। बार एसोसियेशन के अध्यक्ष प्रेमचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कुम्हेर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कैंप कोर्ट को नियमित कराने की मांग की तथा न्यायालय परिसर में अधिवक्ता चौम्बर्स एवं लिटिग्रेन्ट शेड निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति दिलवाने की मांग पर संभागीय आयुक्त ने जिला कलक्टर से चर्चा कर इस मांग को पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। इसके पश्चात संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पंचायत समिति नदबई सभागार में जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्या सुनी साथ ही संबधित अधिकारियों को लोगों की समस्या चिन्हित करने एवं निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता से समस्याओं का समाधान करने को कहा। बाद में अनिमितता मिलने पर संबधित अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। जनसुनवाई दौरान मुख्यरूप से बिजली-पानी, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण होने एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नही होने के मामलें सामने आए ।

गीता जयंती महोत्सव मनाया

भरतपुर (निस)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति भवन, भरतपुर सेवा केंद्र पर गीता जयंती महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज कुमार त्रिपाठी, संभागीय अधीक्षक पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी कविता दीदी, सह प्रभारी आगरा सबजोन,जिला प्रभारी भरतपुर, विशिष्ट अतिथि रामभरोसी भारद्वाज पूर्व महंत श्री बिहारी जी मंदिर भरतपुर, कृष्ण कुमार खंडेलवाल सह आयुक्त, देव स्थान विभाग, वरिष्ठ राजयोगी अमर सिंह एडवोकेट, वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्रवीणा बहिन, विश्व शांति भरतपुर उपस्तिथत रहे। गीता जयंती के इस पावन अवसर पर मैं सभी को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। मूल रूप में गीता का सार यही है की हम उस परम सत्ता को पहचाने एवं और उससे अपना बुद्धियोग जोड़े। यह उदबोधन मुख्य अतिथि के रूप में नीरज कुमार त्रिपाठी संभागीय अधीक्षक पुरातत्व विभाग एवं संग्रहालय विभाग भरतपुर ने गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर व्यक्त किया।

हिमाचल व सरदारशहर में कांग्रेस जीत से लोगों में खुशी

हिमाचल प्रदेश व सरदारशहर में कांग्रेस पार्टी के विजयी होने पर लोगों ने मिठाई बांट कर खुशी जताई।

भरतपुर (निस)। हिमाचल प्रदेश व सरदारशहर राजस्थान में हुए उपचुनाव कांग्रेस प्रत्याशी अनिल शर्मा की जीत का वैर, भुसावर, बल्लभगढ़, मैनापुरा, हलैना आंचल के कांग्रेसियों द्वारा जश्न मनाया गया गुरुवार को हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को बहुमत मिलने व राजस्थान के सरदारशहर से ब्राह्मण समाज के लंबे समय से अध्यक्ष रहे व सरदारशहर विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्गीय भंवरलाल शर्मा के निधन के बाद उनके पुत्र अनिल शर्मा विधायक निर्वाचित होने का ऐलान होते ही पटाखे चलाकर, एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दी। पूर्व सरपंच व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश पांडे ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में करिश्माई नेतृत्व की प्रतीक प्रियंका गांधी की छवि राष्ट्रीय स्तर पर निखरी है। वहीं राजस्थान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, राष्ट्रीय महासचिव राजीव शुक्ला, सचिन पायलट, शिक्षा मंत्री डॉ बी डी कल्ला व सार्वजनिक निर्माण मंत्री राजनीति के चाणक्य बनकर उभरे हैं। इस मौके पर पूर्व सरपंच सतीश पांडे के अलावा पुष्पा चंद्र प्रकाश अवस्थी, प्रधान प्रतिनिधि राम खिलाड़ी जाटव, वैर प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, सुनीता प्रकाश जाटव, लक्ष्मी कांत पांडे, वंदना नितिन पांडे, प्रताप सिंह ठेकेदार, रमेश सैनी, दिलीप सैनी मोहन सैनी, सतीश जैन, घनश्याम तिवारी, मनोज हरिजन, श्रीकांत शर्मा, धारा सिंह मीणा, भर्ती मीणा, अनूप बोहरा आदि मौजूद थे।

जन आक्रोश यात्रा रवाना

भरतपुर (निस)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आक्रोश यात्रा के पाँचवे दिन गांव जघीना में चौपाल के साथ प्रारम्भ किया। चौपाल की अध्यक्षता जन आक्रोश यात्रा के जिला संयोजक अभयवीर सिंह ने की। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी, सतेन्द्र गोयल एवं यात्रा के जिले के सह सयोंजक उदय सिंह विशिष्ट अतिथि रहें तथा मुख्य वक्ता जिले के उपाध्यक्ष एवं जन आक्रोश यात्रा के भरतपुर विधानसभा संयोजक गिरधारी गुप्ता रहे। मुख्य वक्ता भरतपुर जिले के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर विधानसभा जन आक्रोश यात्रा के संयोजक गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुषासन में आमजन त्रस्त है। कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे है, बेरोजगार रोजगार को तरस रहे है, किसान बिजली पानी की समस्या से जूझ रहा है। चौपाल में विषिश्ट अतिथि के रुप में सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष गिरधारी तिवारी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कुषासन में आमजन त्रस्त है। कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे है, बेरोजगार रोजगार को तरस रहे है ।

कार्यालय नगरपरिषद करौली (राज.)

क्रमांक:नपरिक./नि./2022/5076-91 दिनांक: 06.12.2022

ई-निविदा सूचना

पंजीकृत संवेदको को सूचित किया जाता है कि नगरपरिषद करौली निम्नलिखित कार्य मय डिफेक्ट लाईबिलीटी (कार्य दोष निवारण) अवधि के लिए जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है, के लिए उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण www.sppp.raj.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण	परिषद करौली क्षेत्र इन्दिरा गॉधी शहरी योजनान्तर्गत सामग्री मद में 05 कार्य कराना चाहती है।
निविदा/कार्य की लागत	120.75 लाख
कुल धरोहर राशि	प्रत्येक कार्य की 2 प्रतिशत
ऑनलाईन निविदा फॉर्म मिलने/डाउनलोड की तारीख	08.12.2022 समय 2.00 पीएम से 24.12.2022 समय 6:00 पीएम. तक
ऑनलाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की अन्तिम तिथि	24.12.2022 समय 2:00 पीएम. तक
निविदा शुल्क एवं अमानता राशि व अन्य आवश्यक भौतिक दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम तिथि	26.12.2022 समय 5:00 पीएम. तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख	27.12.2022 समय 1:30 पीएम.
निविदा शुल्क	500.00 रूपये
निविदा प्रोसेसिंग शुल्क	500/- रूपये
निविदा प्रपत्र डाउनलोडिंग व अपलोडिंग बेबसाईट	www.sppp.raj.gov.in & eproc.rajasthan.gov.in
कार्य दोष निवारण (डिफेक्ट लाईबिलीटी पीरियड)	1 वर्ष
कार्य की समयावधि	3 माह

UBN
WORK No -(1) DLB2223WSOB22075
WORK No -(2) DLB2223WSOB22076
WORK No -(3) DLB2223WSOB22077
WORK No -(4) DLB2223WSOB22078
WORK No -(5) DLB2223WSOB22079

सभापति नगरपरिषद, करौली — आयुक्त नगरपरिषद, करौली